# सोनार बांग्ला के
# सूत्रधार मोदी

## बंगाल विकास विशेषांक

वर्ष : 3, अंक : 29 | 22 मार्च, 2021

परफॉर्म इंडिया



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1905 में बांग्ला भाषा में 'अमार सोनार बांग्ला' गीत लिखा था। यह गीत आज भी पश्चिम बंगाल की जनता और नेताओं को 'स्वर्णिम बंगाल' बनाने की प्रेरणा देता है। लेकिन दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली कांग्रेस, वाममोर्चा और टीएमसी की सरकारों के लिए यह मात्र गीत बनकर रह गया। नक्सलवादी आंदोलन, हिंसा, भ्रष्टाचार और विकास की स्पष्ट नीति नहीं होने की वजह से राज्य पिछड़ता चला गया। जनता जिन सुविधाओं की हकदार थी, उनसे सत्तर साल बाद भी वंचित है और बदलाव की अपेक्षा कर रही है।

केंद्र की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में विकास आधारित राजनीति और गरीब कल्याण के एक नए युग की शुरुआत की। इसका असर राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिला। 2019 के आम चुनाव में देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को 2014 से भी ज्यादा आशीर्वाद दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल की जनता का भी अहम योगदान था। राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी में विश्वास जताते हुए 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटें देकर राज्य में बदलाव के स्पष्ट संकेत दिए।

बीते 6 सालों में पश्चिम बंगाल के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से जो कमियां रह गई हैं, उनको पूरा करने का बीड़ा उठाया है। मेट्रो और रेलवे लाइनों का विस्तार हो रहा है। गैस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। किसानों, मछुआरों, महिलाओं और आदिवासियों के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं। बंगाल में 4 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोले गए। गरीबों के लिए 30 लाख से अधिक घर बनाए गए। घर-घर नल से जल पहुंचाने का जो काम 70 सालों में नहीं हुआ, वो मोदी सरकार ने एक साल में कर दिखाया है।

हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के विकास में गतिरोधक के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने गरीबों के उत्थान से जुड़ी आयुष्मान भारत योजना और किसान सम्मान निधि जैसी केंद्र की कई योजनाओं को रोक दिया। इसका खामियाजा राज्य की जनता को भुगतना पड़ रहा है। मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून बनाकर राज्य में गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को बड़ी राहत दी है। लेकिन ममता बनर्जी इस कानून को लागू करने में बाधाएं खड़ी कर रही हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से गतिरोधक को हटाने और विकास को गति देने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की संस्कृति, परंपरा और गौरव को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों को सम्मान दिया है। वे गुरुदेव के सपने को पूरा करने के लिए 'सोनार बांग्ला' का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने जनता को भरोसा दिलाया है कि वो टीएमसी और ममता बनर्जी के तुष्टिकरण, हिंसा और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाकर राज्य में 'आशोल पोरिबोरतोन' करेंगे। इस तरह से आत्मनिर्भर भारत अभियान में आत्मनिर्भर बंगाल बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# मोदी सरकार में पहली बार

परफॉर्म इंडिया

- पीएम मोदी ने नेताजी के सम्मान में 21 अक्टूबर, 2018 को आजाद हिन्द सरकार की 75वीं वर्षगांठ पर लाल किले से तिरंगा फहराया।
- मोदी सरकार ने हर साल नेताजी की जयंती, यानि 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया।
- मोदी सरकार ने जूट किसानों की आय में वृद्धि के लिए गेहूं की पैकेंजिंग में जूट के बोरों के उपयोग को अनिवार्य किया।
- नए कृषि सुधार कानूनों से पश्चिम बंगाल के किसानों को भी अपनी फसल कहीं पर, किसी को भी बेचने की आजादी मिली।
- नागरिकता संशोधन कानून-2019 के लागू होने के बाद पश्चिम बंगाल में आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।
- मोदी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून लागू किया, जिससे पश्चिम बंगाल की मुस्लिम महिलाओं को इस कुप्रथा से आजादी मिली।
- कोलकाता में ईस्ट-वेस्ट मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत देश की पहली हुगली नदी के नीचे दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन की शुरुआत हुई।
- हावड़ा मेट्रो स्टेशन साउथ एशिया का चौथा और भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है, जिसका निर्माण मोदी सरकार ने कराया है।
- पीएम मोदी ने नोपाड़ा और दक्षिणेश्वर खंड में पहली मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई।
- सिवोक-रैंगपो नई रेल लाइन बनायी जा रही है, जिसके जरिए पश्चिम बंगाल और सिक्किम को मार्च 2023 तक जोड़ दिया जाएगा।
- पीएम मोदी ने जलपाईगुड़ी में कलकत्ता हाईकोर्ट के सर्किट बेंच का उद्घाटन किया।
- मोदी सरकार ने 2020-21 के बजट में देश का पहला भारतीय धरोहर और संरक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव किया।
- मोदी सरकार ने 7 अक्टूबर, 2015 को पश्चिम बंगाल के कल्याणी में नए एम्स अस्पताल की स्थापना की मंजूरी दी।





# सोनार बांग्ला का संकल्प





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

"भाजपा उस सोनार बांग्ला के निर्माण के लिए काम करेगी, जिसमें यहां का इतिहास, यहां की संस्कृति दिनोंदिन और मजबूत होगी। ऐसा बंगाल, जहां आस्था, अध्यात्म और उद्यम, सबका सम्मान होगा। ऐसा बंगाल, जहां विकास सभी का होगा, तुष्टिकरण किसी का नहीं होगा। ऐसा बंगाल, जो टोलाबाजी से मुक्त होगा, रोजगार और स्वरोजगार से युक्त होगा।"

"यहां जो भाजपा की सरकार बनेगी, उसकी नीति, उसके निर्णयों में बंगाल के लोगों का हित सुप्रीम होगा, सर्वोपरि होगा। यहां जो भाजपा की सरकार बनेगी, आशोल पोरिबोरतोन का मंत्र उसकी प्रेरणा होगी, उसके परिश्रम का आधार होगा।"

"पश्चिम बंगाल की माटी और समंदर में सबकुछ है, जो जीवन को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है। बस यही नीति, साफ नीयत के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। यहां बनने वाली भाजपा सरकार, एनडीए सरकार इसी सोच से आगे बढ़ेगी।"

"अगले पांच वर्षों में बंगाल का विकास, अगले 25 वर्षों के विकास का आधार बनाएगा। इसलिए, इस बार आप सिर्फ बंगाल में सरकार बनाने के लिए वोट नहीं देंगे, लेकिन बंगाल को बनाने के लिए, बंगाल को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए वोट डालेंगे।"

# आशोल पोरिबोरतोन का मंत्र

परफॉर्म इंडिया



**7 मार्च, 2021 को कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन:**

"मैं विश्वास दिलाने आया हूं कि आपके लिए, यहां के नौजवानों के लिए, यहां के किसानों के लिए, उद्यमियों के लिए, यहां की बहनों-बेटियों के विकास के लिए, हम चौबीस घंटे, दिन-रात मेहनत से काम करेंगे। हम मेहनत करने में कोई कमी नहीं रखेंगे। हम पल-पल आपके लिए जीएंगे, हम पल-पल आपके सपनों के लिए जीएंगे। ये विश्वास दिलाने मैं आया हूं।"

"आशोल पोरिबोरतोन का मतलब, ऐसा बंगाल जहां युवाओं को शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलें। आशोल पोरिबोरतोन मतलब, ऐसा बंगाल जहां लोगों को पलायन करने पर मजबूर न होना पड़े। आशोल पोरिबोरतोन मतलब, ऐसा बंगाल जहां व्यापार और कारोबार फले-फूलें, जहां ज्यादा से ज्यादा निवेश आए। आशोल पोरिबोरतोन मतलब, ऐसा बंगाल जहां 21वीं सदी का आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर हो। आशोल पोरिबोरतोन मतलब, ऐसा बंगाल जहां गरीब से गरीब को भी आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिले।"

"हमारा लक्ष्य सिर्फ पश्चिम बंगाल में सत्ता का परिवर्तन करना ही नहीं है। हम बंगाल की राजनीति को विकास केंद्रित राजनीति की तरफ ले जाना चाहते हैं। बहुत साल बर्बाद हो चुके हैं, अब बंगाल को बर्बाद होने का अवसर किसी को नहीं देना चाहिए, इसलिए हम आशोल पोरिबोरतोन की बात कर रहे हैं। और आशोल पोरिबोरतोन के इस महायज्ञ में बंगाल के लोगों को ये भी याद रखना है कि उनके साथ किस तरह का छल बार-बार लगातार किया गया है।"



# जनता के लिए समर्पित




परफॉर्म इंडिया

- मोदी सरकार पश्चिम बंगाल को पूर्वोदय का केंद्र बनाकर राज्य और लोगों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है।
- पश्चिम बंगाल में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 61.62 लाख से ज्यादा शौचालयों ( इज्जतघर) का निर्माण किया गया है।
- पीएम आवास योजना के तहत बंगाल में 33 लाख घरों के निर्माण की मंजूरी मिली, जिनमें 30 लाख से अधिक घर बनाए जा चुके हैं।
- बंगाल में 4 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोले गए हैं। इनमें आधे से अधिक खाते महिलाओं के ही हैं।
- पश्चिम बंगाल में 7 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।
- ग्राम स्वराज अभियान के दूसरे चरण में करीब 45,000 गांवों का चयन किया गया, जिनमें पश्चिम बंगाल के 7,981 गांव शामिल है।
- जल जीवन मिशन के तहत मोदी सरकार ने बंगाल को 1700 करोड़ रुपये दिए। लेकिन ममता सरकार ने 609 करोड़ रुपये ही खर्च किए।



## जो 70 साल में नहीं हुआ वो करीब 1 साल में हुआ

### जल जीवन मिशन : बंगाल के ग्रामीण घरों में नल से जलापूर्ति




## लाभ से वंचित

- ममता सरकार के अवरोध की वजह से बंगाल के लाखों किसान परिवारों को पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा नहीं मिल रहा है।
- बंगाल के लाखों गरीब परिवार आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा से आज भी वंचित हैं।

### ममता ने बदले केंद्रीय योजनाओं के नाम

'दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना' का नाम 'आनंदाधारा', 'स्वच्छ भारत अभियान' का 'मिशन निर्मल बांग्ला', 'दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' का 'सबर घरे आलो','राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' को 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन', 'पीएम ग्राम सड़क योजना' को 'बांग्लार ग्राम सड़क योजना' और 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' का नाम बदलकर 'बांग्लार गृह प्रकल्प योजना' कर दिया है।



# नारी सशक्तिकरण



परफॉर्म इंडिया



- पीएम मोदी ने 8 मार्च, 2021 को महिला दिवस पर विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों के उत्पादों की खरीद की।
- पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की आदिवासी महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित जूट फाइल फोल्डर की ख़रीद की।



- 22 अक्टूबर, 2020 को पीएम मोदी ने बंगाल में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और 'पूजोर शुभेच्छा' कार्यक्रम को संबोधित किया।
- पश्चिम बंगाल में 90 लाख से अधिक गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन मिला है।
- उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में 36 लाख से अधिक महिलाएं दलित और आदिवासी परिवार से हैं।
- पश्चिम बंगाल की लाखों महिलाओं को कोरोना काल में मुफ्त गैस सिलेंडर दिए गए।
- तीन महीने तक महिला जनधन खाताधारकों को प्रति माह 500 रुपये दिए गए।
- पीएम मोदी ने कोलकाता में आदिवासी बेटियों की शिक्षा और कौशल विकास के लिए हॉस्टल और कौशल विकास केंद्र का शिलान्यास किया।
- मोदी सरकार ने मैटर्निटी लीव को 12 हफ्ते से बढ़ाकर 26 हफ्ते किया, जिसका लाभ बंगाल की महिलाओं को भी मिल रहा है।
- 2017 में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों के लिए ऑनलाइन रिपोर्टिंग और शिकायत प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई।
- बेटियों की सुरक्षा और उनकी शिक्षा के लिए मोदी सरकार ने बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना की शुरुआत की।
- 12 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान किया गया।
- केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने महिलाओं को कोयले की खदानों में काम करने की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया।



# आत्मनिर्भरता की ओर किसान



परफॉर्म इंडिया

- 12 फरवरी, 2021 तक सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के तहत पश्चिम बंगाल के 85 प्रतिशत किसानों को कवर किया गया।
- आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत कृषि क्षेत्र के लिए 1.63 लाख करोड़ रुपये की घोषणा की गई, जिसका लाभ बंगाल के किसानों को भी मिला।
- मोदी सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के एग्री-इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड की घोषणा की है, जिसका लाभ बंगाल के किसानों को भी मिलेगा।
- यूरिया की नीम कोटिंग से पश्चिम बंगाल में यूरिया समय पर मिल रही है और कालाबाजारी पर रोक लगी है।

## किसान रेल



- देश की 100वीं किसान रेल महाराष्ट्र के संगोला से पश्चिम बंगाल के शालीमार तक चलाई गई।
- किसान रेल से यहां के फल, सब्जी, दूध और मछली से जुड़े छोटे किसानों को मुंबई, पुणे सहित देश के अनेक बड़े बाजारों तक सीधी पहुंच मिली है।
- किसान रेल में सरकार 50 प्रतिशत छूट दे रही है। इसका भी किसानों को लाभ हो रहा है।
- अब किसान रेल जैसी सुविधा से पश्चिम बंगाल के लाखों छोटे किसानों को एक बहुत बड़ा विकल्प मिला है।
- किसानों के साथ ही स्थानीय बाज़ार के छोटे-छोटे व्यापारियों को भी विकल्प  मिला है।
- व्यापारी किसानों से ज्यादा दाम में ज्यादा माल खरीदकर किसान रेल के ज़रिए दूसरे राज्यों में भी बेच सकते हैं।

# मछुआरों का विकास

परफॉर्म इंडिया

- मोदी सरकार ने मछुआरों के विकास के लिए 31 मई, 2019 को नया मत्स्य पालन मंत्रालय बनाया।
- मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की शुरुआत की, जिस पर 20050 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- मछुआरे जल संपदा का पूरा इस्तेमाल कर सके इसके लिए मोदी सरकार नीली क्रांति स्कीम चल रही है।
- किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मछुआरों को अब बैंकों से सस्ता और आसान ऋण भी उपलब्ध हो रहा है।

## आदिवासियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण



- मोदी सरकार ने आदिवासियों की आय में बढ़ोतरी के लिए 1 मई, 2020 को लघु वन उपज का एमएसपी मूल्य 90 प्रतिशत तक बढ़ाया।
- मोदी सरकार ने लघु वन उपज के लिए एमएसपी सूची में मई 2020 में 23 और जनवरी 2021 में 14 अतिरिक्त नए मदों को शामिल किया।
- मोदी सरकार ने आदिवासी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए 3000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का निवेश किया।
- आदिवासी युवाओं को रोजगार हासिल करने योग्य बनाने के लिए उनका कौशल विकास किया जा रहा है।
- आदिवासी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए पश्चिम बंगाल में भी एकलव्य स्कूल खोले जा रहे हैं।

## गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को राहत

- मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून-2019 बनाया। इससे पश्चिम बंगाल के गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक शरणार्थियों को राहत मिली है।
- सीएए के तहत हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन, पारसी को भारत की नागरिकता मिलेगी।
- सीएए के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए पीड़ितों को नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है।



# आधारभूत ढांचे का विकास





- मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल में मेट्रो, रेल, सड़क, हवाई अड्डे, बंदरगाहों, जलमार्गों के विकास पर जोर दिया है।
- मोदी सरकार ने गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य में गैस कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया है।
- मोदी सरकार ने पूर्वी भारत को पूर्वी और पश्चिमी बंदरगाहों से जोड़ने का निर्णय लिया है।

## मेट्रो सुविधा का विस्तार







अंडर वॉटर ट्रेन

- कोलकाता में ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के लिए 8.5 हजार करोड़ रुपये मंजूर किए गए।
- हुगली, हावड़ा और उत्तरी 24 परगना जिले के लोगों को अब मेट्रो सेवा की सुविधा का लाभ मिल रहा है।
- पीएम मोदी ने 22 फरवरी, 2021 को पश्चिम बंगाल में नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक मेट्रो रेलवे के विस्तार का उद्घाटन किया।
- पीएम मोदी ने कलईकुंडा और झारग्राम के बीच तीसरी लाइन का भी उद्घाटन किया।
- 13 फरवरी, 2020 को कोलकाता मेट्रो के अंडर वॉटर ईस्ट-वेस्ट प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई, जो सॉल्ट लेक स्टेडियम से हावड़ा मैदान तक फैला है।
- पहला फेज सॉल्ट लेक सेक्टर-5 से सॉल्ट लेक स्टेडियम के बीच 5.5 किमी लंबा है और दूसरा फेज अंडरग्राउंड मेट्रो का 11 किलोमीटर लंबा है।



# रेल नेटवर्क का विस्तार



परफॉर्म इंडिया

- पीएम मोदी ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का उद्घाटन किया, जो पंजाब के लुधियाना को पश्चिम बंगाल के दानकुनी से जोड़ता है।
- ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा लाभ पश्चिम बंगाल को होने वाला है। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा चालू भी हो चुका है।
- पीएम मोदी ने 22 फरवरी, 2021 को पूर्वी रेलवे के अज़ीमगंज से खरग्राघाट रोड खंड का दोहरीकरण राष्ट्र को समर्पित किया।
- पीएम मोदी ने दनकुनी और बरुइपाड़ा के बीच चौथी लाइन और रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी लाइन का लोकार्पण किया।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के कलईकुंडा और झारग्राम के बीच खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन परियोजना के 30 किमी लंबे खंड को मंजूरी दी गई।
- पीएम मोदी ने दुर्गापुर में अंडाल-सेंथिया-पाकुर-मालदा और खाना-सेंथिया रेल सेक्शन के विद्युतीकरण का कार्य राष्ट्र को समर्पित की।
- पीएम मोदी ने हिजली-नारायणगढ़ सेक्शन पर तीसरी रेल लाइन भी राष्ट्र को समर्पित की।
- पीएम मोदी और पीएम शेख हसीना ने 17 दिसंबर, 2020 को हल्दीबाड़ी और चिल्हाटी के बीच रेलवे लिंक का उद्घाटन किया।
- हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेल ट्रैक के शुरू होने से भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार और आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।
- सेवोक से रैंगपो तक रेल नेटवर्क का शिलान्यास 2009 में किया गया था। लेकिन 2017 में इसे पूरा करने के प्रयास तेज़ किए गए।
- सेवोक से रैंगपो तक रेल लाइन बनने से न केवल स्थानीय लोगों को मदद मिलेगी बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर




हल्दीबाड़ी और चिल्हाटी के बीच रेलवे लिंक का उद्घाटन



# सड़कों का जाल



परफॉर्म इंडिया

- पीएम मोदी ने हल्दिया में एनएच संख्या-41 पर रानीचक में 4 लेन आरओबी-कम-फ्लाई ओवर को राष्ट्र को समर्पित किया।
- पीएम मोदी ने जलपाईगुड़ी में एनएच-31डी पर फालाकाटा-सलसलाबाड़ी सेक्शन के बीच चार लेन की सड़क परियोजना की आधारशिला रखी।
- वर्ष 2020-21 के दौरान पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत पश्चिम बंगाल में 35.3 हजार किमी सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया गया।

## कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट का नामकरण








- पीएम मोदी ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के हजारों पूर्व कर्मचारियों की पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपये का चैक सौंपा।
- पीएम मोदी ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के 150 साल पूरे होने पर पट्टिका का अनावरण किया।
- पीएम मोदी ने 12 जनवरी, 2020 को कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने 105 साल के पोर्ट के पूर्व कर्मचारी नगीना भगत को सम्मानित किया और उनके पैर छुए।
- पीएम मोदी ने पोर्ट के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- हल्दिया में मल्टीमॉडल टर्मिनल और फरक्का में नेविगेशन्ल लॉक को तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।
- रिवर फ्रंट डेवलपमेंट योजना से पश्चिम बंगाल के टूरिज्म उद्योग को नया आयाम मिलने वाला है।
- हल्दिया को गंगाजी के रास्ते वाराणसी से जोड़ा गया। इनलैंड वॉटरवे का सुगम रास्ता पश्चिम बंगाल के विकास को और गति देने वाला है।



# गैस कनेक्टिविटी




परफॉर्म इंडिया



- पीएम मोदी ने 7 फरवरी, 2021 को हल्दिया में 1100 करोड़ रुपये की लागत से एलपीजी इंपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया।
- पीएम मोदी ने हल्दिया रिफाइनरी के लुब्रिकेंट बेस्ड ऑयल कारखाने का शिलान्यास किया।
- पीएम ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत तैयार 347 किलोमीटर लंबी डोभी-दुर्गापुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को देश को समर्पित किया गया।

**पश्चिम बंगाल में एलपीजी गैस की कवरेज में अप्रत्याशित वृद्धि**








## औद्योगिक विकास





- मोदी सरकार पश्चिम बंगाल को एक प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास कर रही है।
- मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए बंदरगाह के नेतृत्व वाला विकास मॉडल तैयार किया है।
- मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल के जूट किसानों की चिंता की और गेहूं की पैकेंजिंग में जूट के बोरों के उपयोग को अनिवार्य किया।
- मोदी सरकार चीनी की पैकिंग के लिए भी बड़ी मात्रा में जूट के बोरों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।
- मोदी सरकार ने 2019-20 में कच्चे जूट पर एमएसपी को 3700 से बढ़ाकर 3950 रुपये किया था।



# कोरोना काल में जनता का ख्याल



परफॉर्म इंडिया




- कोरोना संकट के समय पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत बंगाल के गरीब लोगों को नवंबर 2020 तक मुफ्त राशन प्रदान किया गया।
- गरीब बुजुर्ग, माताओं-बहनों और दिव्यांगों के लिए 1000 रुपये की सहायता भी सीधे उनके खातों में भेजी गई।
- पीएम केयर्स फंड ट्रस्ट ने 162 मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए 201.58 करोड़ रुपये जारी किए।
- कुल 154.19 मीट्रिक टन क्षमता वाले 162 संयंत्रों में से 5 पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में लगाए जाएंगे।
- इससे बंगाल के कुल ऑक्सीजन उपलब्धता पूल में वृद्धि और रोगियों को समय पर ऑक्सीजन सहायता प्रदान करने में भी सुविधा होगी।
- पीएम मोदी ने आईसीएमआर- राष्ट्रीय कॉलरा और आंत्र रोग संस्थान, कोलकाता में कोरोना परीक्षण सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया।
- कोविड-19 परीक्षण सुविधा केंद्र में एक दिन में 10,000 से ज्यादा नमूनों की जांच की क्षमता है।
- इस सुविधा केंद्र से भविष्य में हेपेटाइटिस बी और सी, एचआईवी, डेंगू और कई अन्य बीमारियों का परीक्षण भी संभव होगा।
- कामगारों के कल्याण के लिए 1,000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई, जिनमें से पश्चिम बंगाल को 53 करोड़ रुपये दिए गए।
- कोरोना संकट काल में पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया।
- कोरोना से बचाव के लिए मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल को हरसंभव मदद पहुंचाई।
- मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए कोरोना महाटीकाकरण अभियान से पश्चिम बंगाल के लोगों को लाभ मिल रहा है।




**पश्चिम बंगाल को वैक्सीन की आपूर्ति**

| | |
|---|---|
| कोविशील्ड और कोवैक्सीन की कुल आपूर्ति | 52.90 लाख |
| उपयोग में आयी वैक्सीन | 30.89 लाख |
| इस्तेमाल के लिए बची वैक्सीन | 22.01 लाख |

17 मार्च, 2021 तक स्वास्थ्य मंत्रालय का आंकड़ा




# संकटमोचक बने पीएम मोदी





- मई 2020 में पश्चिम बंगाल में अम्फान चक्रवात से भारी नुकसान हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।
- मोदी सरकार ने राहत और बचाव कार्य के लिए अग्रिम सहायता के रूप में एक हजार करोड़ रुपये की मदद दी।
- पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।
- पीएम मोदी ने नवंबर 2019 में बुलबुल चक्रवात आने पर ममता बनर्जी से भी बात की और केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।







# महापुरुषों से प्रेरणा



परफॉर्म इंडिया



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि



बेलूर मठ में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि



125वीं जयंती पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी भारत रत्न से सम्मानित

# सुभाष चंद्र बोस का सम्मान








- 23 जनवरी, 2021 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती को मोदी सरकार ने धूमधाम से मनाया।
- पीएम मोदी ने कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में आयोजित 'पराक्रम दिवस' समारोह को संबोधित किया।
- पीएम मोदी ने नेताजी की 125वीं जयंती पर उनकी स्मृति में एक स्मारक सिक्का और डाक-टिकट जारी किया।
- हावड़ा से चलने वाली ट्रेन 'हावड़ा-कालका मेल' का नाम बदलकर 'नेताजी एक्सप्रेस' किया गया।
- मोदी सरकार ने हर साल नेताजी की जयंती, यानि 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया।
- 2018 में मोदी सरकार ने अंडमान द्वीप का नामकरण नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर किया।
- देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने नेताजी से जुड़ी फाइलें भी सार्वजनिक कीं।
- मोदी सरकार ने 26 जनवरी की राजपथ पर परेड में आईएनए के पूर्व सैनिकों को शामिल करने का फैसला लिया।
- 2018 में मोदी सरकार ने आज़ाद हिन्द सरकार की 75वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया था।
- मोदी सरकार ने 2018 में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार भी शुरू किया।
- दिल्ली के लाल किले के साथ ही अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सुभाष चंद्र बोस के नाम से अलग से एक संग्रहालय बनाया गया।








# ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण



- पीएम मोदी ने 11 जनवरी, 2020 को कोलकाता में जिर्णोद्धार की जा चुकीं चार ऐतिहासिक इमारतें राष्ट्र को समर्पित कीं।
- इनमें प्रतिष्ठित ओल्ड करेंसी बिल्डिंग, बेलवेडियर हाउस, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल और मेटकॉफ हाउस शामिल है।
- मोदी सरकार कोलकाता के भारतीय संग्रहालय और बेलवेडियर हाउस को विश्वस्तरीय संग्रहालय बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है।
- विक्टोरिया मेमोरियल की पांच दीर्घाओं में से तीन दीर्घाएं काफी समय से बंद पड़ी हैं इसे दोबारा खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।
- मोदी सरकार भारतीय धरोहर संस्थान स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है, जिसे डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान किया जाएगा।



ओल्ड करेंसी बिल्डिंग



भारतीय संग्रहालय, कोलकाता

- मोदी सरकार बांग्लादेश के कुश्तिया जिले में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के निवास "कुठीबाड़ी" के जिर्णोद्धार का काम कर रही है।

## पर्यटन को बढ़ावा

- हैरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश के पर्यटन उद्योग को मजबूत करने में ममद मिलेगी।
- इससे पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में रोज़गार के अनेक अवसर भी बनेंगे।
- रवींद्र सेतु-हावड़ा ब्रिज को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए इंटरेक्टिव लाइट एंड साउंड सुविधा भी शुरू की गई है।
- देश के सर्वोच्च सांस्कृतिक केंद्रों में से एक कोलकाता की समृद्ध पहचान को नए रंग-रूप में दुनिया के सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।